सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-380**
29/08/2017

मध्यप्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये दिया पॉच करोड़ रू0 का अंशदान

पटना 29 अगस्त, 2017 :– आज 1 अण्णे मार्ग में मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सांरग ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुलाकात कर मध्यप्रदेश के सहकारिता मंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार की तरफ से बाढ़ पीड़ितो के सहायतार्थ मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये पॉच करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार को धन्यवाद दिया तथा मध्यप्रदेश सरकार के इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय सभी को अपनी संवेदनशीलता प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधायक श्री संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव चंचल कुमार उपस्थित थे।

******